शुभारंभ | यात्रियों की सुविधा, क्षेत्रीय विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

रीवा-इतवारी का स्लीमनाबाद स्टेशन पर ठहराव प्रारंभ

जबलपुर, नवभारत। यात्रियों की सुविधा, क्षेत्रीय विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गाड़ी संख्या 11754/53 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा त्रिसाप्ताहिक एक्सप्रेस का स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर नियमित ठहराव प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर शनिवार, 16 मई को स्लीमनाबाद स्टेशन पर शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह को देखकर यह स्पष्ट प्रतीत हुआ कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से इस ट्रेन के ठहराव की मांग कर रही थी तथा इस सुविधा की उन्हें अत्यधिक आवश्यकता थी। कार्यक्रम में माननीय सांसद खजुराहो विष्णु दत्त शर्मा एवं सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी

ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए तथा जनता को संबोधित किया। साथ ही बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रेलवे प्रशासन की ओर से सहायक वाणिज्य प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित रेलवे अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक प्रणय प्रभात पांडे ने रेल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस रेल सुविधा से स्लीमनाबाद एवं आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को आवागमन में अत्यधिक सुविधा प्राप्त होगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, व्यापार एवं रोजगार के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बेहतर रेल संपर्क के माध्यम से स्थानीय लोगों को बड़े शहरों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचने में भी आसानी होगी।

रेल कर्मचारियों का किया सम्मान

विधायक प्रणय प्रभात पांडे ने ट्रेन के ठहराव की स्वीकृति प्रदान करने हेतु रेल प्रशासन के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। साथ ही गाड़ी के संचालन से जुड़े लोको पायलट, गार्ड एवं टिकटिंग स्टाफ सहित कार्यरत रेल कर्मचारियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। रेल प्रशासन द्वारा यह ठहराव 16 मई से दोनों दिशाओं में 01 मिनट के लिए आगामी पांच माह तक प्रदान किया गया है। सहायक वाणिज्य प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस अतिरिक्त ठहराव से क्षेत्रीय यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा प्राप्त होगा।

जनसहभागिता से सफल आयोजन

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के समन्वय से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति ने यह सिद्ध किया कि स्लीमनाबाद स्टेशन पर इस ट्रेन के ठहराव की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रणय प्रभात पांडे ने स्लीमनाबाद स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर ट्रेन के ठहराव का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रेलवे प्रशासन के प्रति आभार जताया।कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रणय प्रभात पांडे ने स्वयं इतवारी के लिए दो टिकट क्रय कर यात्रियों को यह संदेश दिया कि रेलवे में सदैव वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें। उन्होंने कहा कि यात्रियों द्वारा नियमित टिकट लेकर यात्रा करने से रेलवे की आय में वृद्धि होती है, जिससे स्टेशन एवं यात्री सुविधाओं का और अधिक विकास संभव हो पाता है।

3 वर्ष की बच्ची को दिया गया नया जीवन

नारायणा हृदयालय मुम्बई में की गई सफल सर्जरी

नवभारत,जबलपुर। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से 3 साल की मासूम बच्ची की नारायणा हृदयालय मुम्बई महाराष्ट्र में सफल सर्जरी कर उसे नया जीवन प्रदान किया गया है। सुभाष शुक्ला-जिला प्रबंधक, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ने बताया कि जिला जबलपुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत हृदय रोग से ग्रसित 3 वर्ष की बालिका नित्या ठाकुर पिता नीरज ठाकुर, निवासी- 1390/1, गंगा नगर, गढ़ा, को आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से सफल सर्जरी कर नया जीवन प्रदान किया।

नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान के मार्गदर्शन में न्यू आनंद नगर, आधारताल, जिला जबलपुर स्वास्थ्य परीक्षण करने पहुंची आर.बी.एस.के. टीम डॉ. मेघा जैन एवं डॉ. दीपशिखा जैन ने पाया कि 03 वर्ष की बालिका नित्या ठाकुर जन्म से हृदय रोग से ग्रसित है। उनके

द्वारा इसकी जानकारी डी.ई.आई.एम. सुभाष शुक्ला को दी गई, फिर सुभाष शुक्ला द्वारा जिला अस्पताल के विषय विशेषज्ञ से उक्त बालिका की जांच कराकर, अनुशंसा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. नवीन कोठारी से की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर डॉ. अमजद खान जिला नोडल अधिकारी आर.बी.एस.के. कार्यक्रम एवं सुभाष शुक्ला जिला प्रबंधक, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम जबलपुर द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये बालिका का रजिस्ट्रेशन कराकर परिजन की सहमति उपरांत बालिका को नारायणा हृदयालय मुम्बई महाराष्ट्र रैफर किया गया। उक्त चिकित्सालय में बालिका की सफल सर्जरी नि:शुल्क की गई और उसे नया जीवन प्रदान किया गया।

परिवार के सदस्यों ने किया आभार व्यक्त

सफल सर्जरी के बाद बालिका के परिवार ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन, जिला कलेक्टर जबलपुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जबलपुर, नोडल अधिकारी आर.बी.एस.के. कार्यक्रम जबलपुर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.एच.एम. जबलपुर, डी.ई.आई.एम. जबलपुर, नारायण हृदयालय मुम्बई महाराष्ट्र की टीम तथा समस्त आर.बी.एस.के टीम राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रति आभार व्यक्त किया।

गाड़ी चलाने के शौक ने बना दिया चोर

रांझी पुलिस ने दो बालकों को पकड़ा

नवभारत,जबलपुर। रांझी क्षेत्र से वाहन चुराने वाले 2 विधि विवादित लड़कों को रांझी पुलिस ने शनिवार को हिरासत में लिया है। पुलिस ने दोनों के पास से चुराईं हुईं 2 एक्टिवा जप्त कीं हैं। पूछताछ में विधिविवादित बालकों ने पुलिस को बताया कि वे गाड़ी चलाने का शौक पूरा करने वाहन चोरी करते थे। रांझी पुलिस ने बताया कि शातिर चोरों ने विगत 12 व 13 मई की रात

पुरानी चाभी की मदद से रांझी बड़ा पत्थर क्षेत्र से 2 वाहनों का लॉक खोलकर वाहनों को चोरी किया था। चोरी के बाद दोनों इन वाहनों से शहर में घूमते रहे। जब

पेट्रोल खत्म हुआ तो 14 वर्षीय दोनों विधिविवादित बालकों ने एक्टिवा सुंदरवन स्थित खण्डहर के पास खड़ी कर दी थी। फिर नाबालिगों की निशादेही पर पुलिस ने सुंदरवन स्थित खण्डहर के पास रखी चुराई हुई ग्रे रंग की एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसएफ 5703 एवं नीले रंग की एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसएस 1609 जप्त की।

रुपयों की मांग कर डंडे से मारपीट

जबलपुर। हनुमानताल थाने में सिंधी केम्प निवासी सब्जी विक्रेता 55 वर्षीय संजय सोनकर ने शिकायत दर्ज करायी। जिसमें उसने बताया कि वह सुबह करीब 8 बजे सब्जी मंडी जा रहा था। कलारी के सामने उसे मीरा मच्छी के लड़के सोनू, कालू, राजा व मोनू उर्फ बौरा मिले। जिन्होंने कहा कि तूने हमारे ऊपर केस लगवाया है, जिसमें पैसे खर्च हो रहे है, इसके लिये अब तू हमें दो हजार रुपये दे। संजय ने रुपये देने से मना किया तो चारों ने मारपीट करते हुए डंडे से हमला कर चोट पहुंचा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर नीट पेपर लीक के विरोध में जबलपुर कांग्रेस द्वारा विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा साथी, छात्र-छात्राएं एवं आमजन शामिल हुए और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अव्यवस्थाओं के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की। मशाल जुलूस रसल चौक से प्रारंभ होकर राजीव गांधी चौक तक निकाला गया। पूरे मार्ग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्र सरकार एवं परीक्षा प्रणाली में हुई गड़बड़ियों के विरोध में नारेबाजी की गई और दोषियों पर कठोर कार्रवाई एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई

गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं ने देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। लाखों मेहनती विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के सपनों के साथ खिलवाड़ किया गया है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

इस अवसर पर शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के हितों की रक्षा एवं निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की मांग के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव,पूर्व विधायक विनय सक्सेना, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा , सोनू कुकरेले ,अभिषेक चौकसे, कमलेश यादव, प्रमोद पटेल, संतोष दुबे, इंद्रा तिवारी आदित्य मिश्रा, अभिषेक पाठक, मेवालाल पटेल,रिंकू यादव,समर्थ अवस्थी, सिद्धांत जैन, पवन कनौजिया, सुभाष पटेल, सचिन रजक, आरिफ बेग, रितेश बंटी गुप्ता, भावना निगम , सौम्या रांधेलिया, देवकी पटेल सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

6वीं बटालियन ने खरीदा इलेक्ट्रिक व्हीकल

नवभारत,जबलपुर। पेट्रोल-डीजल की खपत को कम करने के लिए 6वीं वाहिनी विस बल जबलपुर ने मिनी इलैक्ट्रिक पिक अप वाहन क्रय किया है ताकि तेल पर निर्भरता को कम किया जा सके।

सेनानी 6वी वाहिनी विस बल जबलपुर का मानना है कि बटालियन में पुलिस आरक्षक भर्ती उप निरीक्षक भर्ती कैम्प और बेसिक ट्रेनिंक एवं अन्य गतिविधियों के लिये बाहर से छोटे वाहन हायर करने पड़ते है जिस कारण बजट का बड़ा हिस्सा खर्च

करना पड़ता हैं और छोटे मोटे काम के लिए बड़ी गाड़ियों का इस्तेमाल करने पर ईंधन के अधिक खर्च को देखते हुए इलैक्ट्रिक व्हीकल खरीदने का निर्णय लिया गया है। इलेक्ट्रिक वाहन का रख रखाव और उपयोग भी आसान है और पर्यावरण को भी कम नुकसान होता हैं।

शराबी ने युवक के साथ की मारपीट

जबलपुर। माढ़ोताल थाने में मदर टेरेसा नगर नर्मदा परिसर निवासी 33 वर्षीय दीपक सोनी ने शिकायत दर्ज करायी। जिसमें उसने बताया कि बीती रात करीब 11 बजे वह खाना खाकर घर के सामने टहल रहा था। उसी समय बजरंग नगर निवासी अंकुश ठाकुर शराब के नशे में पहुंचा और बिना वजह उसके साथ गालीगलौज करने लगा। उसने विरोध किया तो अंकुश ने किसी नुकीली चीज से हमला करने का प्रयास किया, जिससे बचते हुए वह घर की ओर भागा तो अंकुश ने आगे जाकर उसे रोक लिया और मारपीट कर चोट पहुंचा दी।

युवक की संदिग्ध हालत में मौत

धनवंतरी नगर की कृष्णा विहार कालोनी का मामला

जबलपुर। संजीवनी नगर थानातंर्गत धनवंतरी नगर की कृष्ण विहार कॉलोनी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक का शव मकान के अंदर मिला। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची संजीवनी नगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और मर्ग कायम कर पूरे मामले को जांच में लिया है। मृतक की पहचान अखिलेश लोधी के रूप में हुई है, जो पेशे से फोटोग्राफी का काम करता था।

बताया जा रहा है कि अखिलेश धनवंतरी नगर स्थित कृष्ण विहार कॉलोनी में अपने दोस्त सिद्धार्थ के साथ किराए के मकान में रहता था। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं मामले में मृतक के भाई आकाश लोधी ने हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि उन्हें अखिलेश के दोस्त सिद्धार्थ द्वारा फोन कर जानकारी दी गई कि उनके भाई की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि अखिलेश घर के अंदर सोफे पर संदिग्ध हालत में मृत पड़ा हुआ था। परिजनों का कहना है कि मामला सामान्य मौत का नहीं लग रहा। युवक की अचानक मौत और कमरे के अंदर शव मिलने से कई संदेह पैदा हो रहे हैं। मृतक के साथ रहने वाले दोस्त और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

अवमानना मामले में आयुक्त सहित जेडीएस के सीईओ व अध्यक्ष को नोटिस

▸ कर्मचारी कोटे का प्लॉट कम दर में किया था आवंटित

जबलपुर। कर्मचारी कोटे के प्लॉट कम दर में लोगों को आवंटित किये जाने के संबंध में पारित आदेश का पालन नहीं किये जाने को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने दायर अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए संभागायुक्त,जबलपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अध्यक्ष को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

याचिकाकर्ता देवेंद्र त्रिपाठी की तरफ से दायर की गयी अवमानना याचिका में कहा गया था कि वह जबलपुर विकास प्राधिकरण में स्टेनो के पद से सेवानिवृत्त हुआ है। सेवाकाल के दौरान उसने 10 दिसंबर 2010 को कर्मचारी कोटे के तहत प्लॉट आवंटन हेतु विज्ञापन की शर्तों के अनुसार आवेदन किया था। जेडीए के द्वारा लोगों को कम दर पर प्लॉट आवंटित कर दिया गया।

जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने दिसंबर 2025 को याचिका का निराकरण करते हुए आदेश जारी किये थे कि आवेदक 6 सप्ताह की निर्धारित समय सीमा में आवेदक के आवेदन का निराकरण करें। आदेश का पालन नहीं होने के कारण उक्त अवमानना याचिका दायर की गयी है। एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई के बाद अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता एस.डी. गुप्ता कपिल गुप्ता एवं विजय दुबे ने पक्ष रखा।

युवक पर चाकू से हमला

जबलपुर। हनुमानताल क्षेत्रातंर्गत मोहरिया कैफे के सामने बीतीरात राजीव नगर मोहरिया निवासी 26 वर्षीय दिलशाद ने जैसे ही मोह. हसल और उसके दो साथियों से बुलेट गाड़ी हटाने कहा तो तीनों ने विवाद करना शुरु कर दिया। इसके बाद मोह. हसल और उसके साथियों ने दिलशाद के साथ मारपीट शुरु कर दी। इसी बीच हसल ने चाकू से हमला कर दिलशाद की वायीं भुजा और पैर में चोट पहुंचा दी और मौके से भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

कछपुरा मध्यस्थता केंद्र का वर्चुअल लोकार्पण

जबलपुर में पारिवारिक विवादों के निपटारे के लिए नई पहल

नवभारत,जबलपुर। जबलपुर के नागरिकों को पारिवारिक और स्थानीय विवादों से राहत दिलाने की दिशा में एक बड़ा और सराहनीय कदम उठाया गया है। नगर निगम के संभाग क्रमांक 2 कछपुरा में नवनिर्मित अत्याधुनिक मध्यस्थता केंद्र का गरिमामय समारोह में वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन भारत के मुख्य न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत द्वारा किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य न्यायालयीन प्रक्रियाओं के चक्कर काटे बिना, आपसी समझ और बातचीत के माध्यम से स्थानीय व पारिवारिक विवादों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान तलाशना है।

सौहार्दपूर्ण वातावरण में सुलझेंगे घरेलू मामले

अक्सर देखा जाता है कि छोटे-छोटे पारिवारिक और सामाजिक मतभेद कानूनी उलझनों में बदलकर लंबे खिंच जाते हैं, जिससे परिवारों में कटुता बढ़ती है। कछपुरा में विकसित किया गया यह मध्यस्थता केंद्र ऐसे मामलों को सुलझाने में एक सेतु का काम करेगा। कोर्ट-कचहरी के लंबे समय और खर्च से बचकर मामलों का जल्द निपटारा हो सकेगा। ऐतिहासिक और जनहितैषी शुरुआत के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार, शक्ति वर्मा, प्रदीप सिंह एवं नगर निगम के संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक और अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने इस केंद्र की स्थापना को जबलपुर के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने वाली एक बेहतरीन सौगात बताया।

कुछ इस तरह मिलेंगे लाभ

मध्यस्थता केंद्र के लाभों में कानूनी लड़ाई के बजाय आपसी बातचीत और समझौते को बढ़ावा मिलना, स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का समाधान होने से समय और धन की बचत होना, न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ कम करने में मदद मिलना शामिल है।

अवैध शराब के कारोबार से जुड़ा तस्कर पकड़ाया

▸ शहपुरा पुलिस की कार्रवाई, 350 पाव शराब व एक्सिस वाहन जब्त

जबलपुर। शहपुरा पुलिस ने ग्राम नटवारा-बरगी अहरोरा क्षेत्र में दबिश देकर एक आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 350 पाव देशी शराब व एक्सिस वाहन जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बरगी अहरोरा क्षेत्र में दबिश दी। जहां नहर पुलिया के पास एक्सिस क्रमांक एमपी 20 जेड सी 1892 आते दिखी। जिससे घेराबंदी कर रोका गया। एक्सिस का चालक वाहन छोड़कर भागने लगा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आकाश सिंह लोधी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कनवास शहपुरा बताया। एक्सिस में सामने तरफ रखी दो बोरियों से पुलिस ने 350 पाव देशी शराब कीमती लगभग 27 हजार रूपये की बरामद की। पुलिस ने शराब व एक्सिस वाहन जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

लापरवाही | रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में एक बार फिर विवाद

कॉपियों के मूल्यांकन पर उठे सवाल

जबलपुर, नवभारत। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में एक बार फिर परीक्षा मूल्यांकन प्रणाली को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। बीपीएड पाठ्यक्रम की एक छात्रा ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर उत्तर पुस्तिकाओं की ठीक से जांच न करने और लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले के सामने आने के बाद विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीपीएड की छात्रा निकिता रजक का कहना है कि उसने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया था, लेकिन जब

परिणाम घोषित हुआ तो उसे एक विषय में अनुत्तीर्ण कर दिया गया। छात्रा को 70 में से केवल 12 अंक दिए गए। संदेह होने पर जब छात्रा ने अपनी उत्तर पुस्तिका को देखा, तो पाया कि कॉपी के कई पन्नों पर जांच के कोई निशान ही नहीं थे। छात्रा का आरोप है कि बिना पढ़े ही उसे कम अंक देकर फेल कर दिया गया।

प्रवेश प्रक्रिया रूक सकती है

पीड़ित छात्रा ने बताया कि वह कुल 8 विषयों में से 7 विषयों में अच्छे अंकों के साथ पास हुई है। केवल एक विषय में इस तरह की लापरवाही के कारण उसे फेल का सामना करना पड़ रहा है। छात्रा का कहना है कि इस परिणाम की वजह से उसकी आगे की पढ़ाई यानी एमपीएड की प्रवेश प्रक्रिया रुक सकती है। विश्वविद्यालय प्रशासन शुरुआत में इस शिकायत को गंभीरता से नहीं ले रहा था, जिससे उसकी चिंता और बढ़ गई थी इस पूरे मामले के तूल पकड़ने के बाद विश्वविद्यालय के कुलगुरु ने संज्ञान लिया है। कुलगुरु का कहना है कि संबंधित उत्तर पुस्तिका को दोबारा निष्पक्ष जांच के लिए भेजा जा रहा है ताकि छात्रा के साथ न्याय हो सके। दूसरी ओर, विभिन्न छात्र संगठनों ने इस घटना को विश्वविद्यालय की बड़ी लापरवाही बताते हुए कड़ा विरोध जताया है। छात्र नेताओं ने दोषी मूल्यांकनकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत चार बालकों को संरक्षण प्रदान किया

जबलपुर, नवभारत। रेल यात्रियों एवं बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतत सजग रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते अभियान के अंतर्गत जबलपुर रेलवे स्टेशन पर चार नाबालिग बालकों को सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया गया। गत दिवस रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जबलपुर के उप निरीक्षक प्रवीण कुमार, प्रधान आरक्षक हरिओम सिंह, आरक्षक अरुण यादव, आरक्षक पंकज सिंह, आरक्षक देवी शंकर पांडे तथा स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) संजय जायसवाल द्वारा जबलपुर स्टेशन प्लेटफॉर्म पर गश्त के दौरान चार नाबालिग बालक लावारिस अवस्था में भीख मांगते हुए पाए गए। पूछताछ करने पर बालकों द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया, जिसके पश्चात उन्हें रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लाया गया। विस्तृत पूछताछ में बच्चों ने घर से भागकर जबलपुर स्टेशन आने एवं यहां भीख मांगने की बात स्वीकार की। सभी बालकों की आवश्यक कागजी कार्रवाई एवं चिकित्सीय परीक्षण कर उन्हें बाल कल्याण समिति गोकलपुर, जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा जारी निर्देशानुसार चारों बच्चों को शासकीय बाल गृह, गोकलपुर में नियमानुसार सुपुर्द कर सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया गया।